उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1178

दिनांक /Date.: 22-12-2020

संवाद–78

विषयः– अवर अभियंता(विद्युत / यांत्रिकी) पद कोड–52 की लिखित परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

आयोग द्वारा दिनांक 20.12.2020 को 02 परीक्षाओं का निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। इसमें अवर अभियंता(विद्युत / यांत्रिकी) पद कोड–52 की भी परीक्षा 10.01.2021 को निर्धारित की गयी है। इस परीक्षा के संबंध में स्पष्ट करना है कि यह परीक्षा दुबारा कराई जा रही है अतः मा0 आयोग के निर्णय के अनुरूप वही अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे जो दिनांक 05.11.2017 को पूर्व की परीक्षा में प्रतिभाग कर चुके हैं।

परीक्षा आफलाइन माध्यम से होगी एवं परीक्षा का पाठ्यक्रम तथा प्रश्न पत्र का गठन उसी प्रकार किया जायगा जैसा कि पूर्व में था अर्थात 30 प्रतिशत कॉमन पाठ्यक्रम से तथा 70 प्रतिशत 05 विषयों / ब्रांच से (Electrical and Electronics Engineering, Electrical Engineering, Electronics and Communication Engineering, Applied Electronics and Instrumentation Engineering, Electronics Engineering)

अभ्यर्थियों की सुरक्षा जांच HHMD (Hand Held Metal Detector) से की जायगी अतः धातु की कोई भी वस्तु अभ्यर्थी साथ न लायें। अनावश्यक आभूषण न पहनें व उन्हें घर पर ही छोड़ कर आये। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु या डिवाइस के या अन्य प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर आयोग संबंधित अभ्यर्थी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लायेगा।

यह भी सूचित करना है कि इस परीक्षा के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय के समक्ष विशेष अपील संख्या–324 / 2020 योजित है। मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप इस चयन से संबंधित सभी कार्रवाई उपरोक्त विशेष अपील में होने वाले निर्णय के अधीन रहेगी।

आयोग की ओर से,

22/12

(संतोष बडोनी)

सचिव।